कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।

(केन्द्रीय नजारत अनुभाग)

नीलामी सूचना

नीलामी समिति की आख्या दिनांक 06.05.2022 एवं केन्द्रीय नाजिर की आख्या दिनांकित 16.08.2022 के अनुसार जनपद न्यायालय, गोरखपुर परिसर में स्थित फोटो कॉपी की दुकान संख्या– 03, 04 एवं चाय पकौड़ी की दुकान संख्या–03 की नीलामी प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए शेष है। उक्त के सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, गोरखपुर परिसर में स्थित फोटो कॉपी की दुकान संख्या– 03, 04 एवं चाय पकौड़ी की दुकान संख्या–03 की नीलामी प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए दिनांक 25.08.2022 को न्यायालय परिसर स्थित सभागार में सायंकाल 04.00 बजे होना नियत की जाती है।

नीलामी प्रक्रिया के नियम व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट **www.allahabadhighcourt.in** एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नीलामी से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 25.08.2022 को होने वाले नीलामी में अधिक से अधिक बोलीदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु नीलामी सूचना को जनपद मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों एवं प्रमुख समाचार–पत्रों में प्रकाशित किया जाये।

16/8/22

(विनय जाया)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं.– 03,
गोरखपुर।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित–

1. नाजिर आयुक्त कार्यालय, गोरखपुर।
2. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट, गोरखपुर।
3. नाजिर तहसील सदर, गोरखपुर।
4. मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, गोरखपुर।
5. मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, गोरखपुर।
6. जिला सूचना अधिकारी, गोरखपुर में समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. सूचना पट्ट दीवानी न्यायालय, गोरखपुर पर चस्पा करने हेतु।
8. सिस्टम अधिकारी दीवानी न्यायालय, गोरखपुर को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. रेलवे जंक्शन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. बस स्टेशन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।